




# समस्या : पूजा पार्क में हैण्डपम्प के पानी की निकासी के अभाव में गंदगी का आलम

## पूजा पार्क में व्याप्त गंदगी से श्रद्धालुओं को आये दिन समस्या का करना पड़ता है सामना, पानी निकासी के स्थाई समाधान की दरकार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मार्च। शहर के पूजा पार्क में हैण्डपम्प के पानी की निकासी के अभाव में गंदगी का आलम है। पूजा पार्क में व्याप्त गंदगी से श्रद्धालुओं को आये दिन समस्या का सामना करना पड़ता है। पानी निकासी के स्थाई समाधान की दरकार है।**

बताते चलें कि शहर के पूजा पार्क में प्रसिद्ध मंदिरों के होने के कारण यहां श्रद्धालुओं की आवाजाही रोजाना रहती है। विशेष तिथि एवं त्यौहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ काफी ज्यादा बढ़ जाती है। पूजा पार्क में आने वाले श्रद्धालु पानी लेने के लिये यहां लगे सरकारी हैण्डपंप में पूरी तरह से आश्रित हैं। हैण्डपंप जिस स्थान पर लगा हुआ है वहां की साफ-सफाई ना होने के कारण भारी गंदगी व्याप्त है। हैण्डपंप के पानी के चलते आसपास काफी काई जमा है, जिसके चलते काफी फिसलन की स्थिति है। मजबूरी में श्रद्धालु



गंदगी के बीच हैण्डपंप का उपयोग पानी लेने के लिये करते हैं। यदि थोड़ी भी असावधानी हुई तो हैण्डपंप के आसपास काई के फिसलन के चलते गिरकर घायल होने की संभावना भी निर्मित हो जाती है। हैरत की बात तो यह है कि कुछ श्रद्धालु भी लापरवाही पूर्वक हैण्डपंप के आसपास प्लास्टिक की पन्नी, फूल-माला एवं अन्य अनावश्यक वस्तुएं फेंक देते हैं जिससे हैण्डपंप के आसपास काफी गंदगी बनी रहती है।

तत्संबंध में पूजा पार्क क्षेत्र के कुछ व्यवसाइयों ने चर्चा के दौरान बताया कि पूजा पार्क की साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका के पास है, नगर पालिका का अमला कभी-कभार झाड़ू लगवाकर सफाई की औपचारिकता पूरी कर लेता है लेकिन हैण्डपंप जहां भारी गंदगी है और यहां जमा गंदे पानी की निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण यहां ध्यान नहीं देता। इस वजह से हैण्डपंप परिसर के आसपास गंदगी बनी रहती है। हैण्डपंप के समीप क्षेत्र का जायजा लिया जाय तो यहां भारी गंदगी एवं कीचड़ मिलेगा। पानी भरने के कारण यहां के समीपी मिट्टी में काफी घास भी उगी हुई है। हैण्डपंप के समीप से ही नगर पालिका द्वारा पूजा पार्क परिसर में पेव्हर ब्लाक लगवाया गया है, हैण्डपंप से गंदे पानी की निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण पेव्हर ब्लाक में भी काफी दूर तक गंदा पानी भरा रहता है। वर्तमान में तेज धूप एवं गर्मी के चलते पेव्हर ब्लाक में पानी भरा मिलेगा। नगर पालिका को पूजा पार्क को धार्मिक स्थल है यहां की साफ-सफाई नियमित रूप से चाक-चौबंद रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिये।

### जमा गंदगी और फिसलन वाली काई से होती है दुर्घटना

पूजा पार्क में लगे इकलौते हैण्डपंप के आसपास जमा गंदगी और काई के चलते फिसलन की स्थिति है। फिसलन के चलते यहां अक्सर श्रद्धालु जो कि पूजा-अर्चना के लिये आते हैं फिसल कर चोंटिल हो जाते हैं। उक्त समस्या काफी समय से बनी हुई है, लेकिन साफ-सफाई को लेकर नगर पालिका के अमले की लापरवाही बनी हुई है।

### मंदिर परिसर में गंदगी से श्रद्धालुओं की आस्था में प्रहार

मंदिर परिसरों और पवित्र स्थलों में व्याप्त गंदगी श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक भावनाओं पर सीधा प्रहार है। धार्मिक स्थानों के आसपास फैले कचरे, प्लास्टिक और सड़ी-गली फूल-मालाओं के कारण भक्तों को भारी असुविधा और निराशा का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति न केवल पवित्रता को नष्ट करती है बल्कि प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर करती है।

### इनका कहना है

हैण्डपम्प के पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था नही होने एवं स्थानीय दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्लास्टिक इत्यादि वहां फेंकने से गंदे पानी से कीचड़ हो जाता है। समय-समय पर सफाईकर्मियों द्वारा सफाई भी कराई जाती है। इस समस्या का स्थाई समाधान पानी निकासी की समुचित व्यवस्था से ही संभव है।

**गौरव सिंह, सफाई प्रभारी नपा सीधी**

पूजा पार्क परिसर में हैण्डपम्प के पानी निकासी की समुचित व्यवस्था एवं सफाई हेतु नपा के तकनीकी एवं सफाई व्यवस्था देखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों से जानकारी ले कर समस्या का जल्द ही समाधान किया जायेगा।

**प्रिया पाठक, डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी सीएमओ नपा सीधी**

# संजय तिवारी बने सेमरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव

**नवभारत न्यूज**

**सेमरिया 31 मार्च। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया से संजय तिवारी को ब्लॉक महासचिव नियुक्त किया गया है।**

इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है और उन्हें लगातार शुभकामनाएं दी जा रही हैं। जानकारी अनुसार संजय तिवारी ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है और अल्प समय में ही उन्हें संगठन द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने उनके कार्यक्षमता और सक्रियता को देखते हुए यह निर्णय लिया है।



इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि संजय तिवारी संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे तथा संगठन को मजबूर करेंगे। वहीं संजय तिवारी ने भी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# गेंहू खरीदी में भाजपा सरकार की लेटलतीफी, बाजार में लुट रहा अन्नदाता : ज्ञान

## 1 की बजाय 15 अप्रैल से खरीदी का फैसला, कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना, किसान नहीं हैं प्राथमिकता

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मार्च। मध्य प्रदेश में गेंहू खरीदी को लेकर एक बार फिर सरकार की नीयत और नीति पर सवाल खड़े हो गए हैं। 1 अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी शुरू करने का ऐलान करने वाली भाजपा सरकार अब पीछे हटती नजर आ रही है। ताजा फैसले के अनुसार खरीदी की तारीख को बढ़ाकर कुछ संभाग में 10 अप्रैल और कुछ संभाग में 15 अप्रैल कर दिया गया है, जिससे प्रदेश के किसानों में भारी आक्रोश है।**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने इस मुद्दे पर



तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की यह लेटलतीफी सीधे तौर पर किसानों के साथ अन्याय है। गेंहू की फसल पूरी तरह तैयार होकर किसानों के घर पहुंच चुकी है लेकिन खरीदी शुरू न होने से किसान खुले बाजार में औने-पौने दामों पर अपनी उपज बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के लिए किसान नहीं बल्कि बहाने प्राथमिकता बन गए हैं। कभी बारदाने की कमी तो कभी व्यवस्थाओं का रोना रोकर खरीदी टाल दी जाती है जबकि असलियत यह है कि सरकार किसानों की फिक्र करने के बजाय सिर्फ घोषणाओं तक सीमित है।

ज्ञान सिंह ने सवाल उठाया कि अप्रैल माह के मध्य से शादी-ब्याह का सीजन शुरू हो रहा है। ऐसे में कई किसानों के सामने बेटियों की शादी, पारिवारिक जिम्मेदारियां और कर्ज चुकाने जैसी गंभीर चुनौतियां हैं। किसान के पास आय का एकमात्र साधन उसकी फसल है और जब वही समय पर नहीं बिकेगी तो वह अपनी जरूरतें कैसे पूरी करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा नाममात्र का घोषित बोनस भी केवल दिखावा साबित हो रहा है। एक ओर बोनस का ढोल पीटा जा रहा है दूसरी ओर खरीदी ही समय पर नहीं हो रही यह दोहरी नीति किसानों के साथ छलावा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की है कि सरकार तत्काल प्रभाव से गेंहू खरीदी शुरू करे और किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करे। यदि सरकार ने जल्द फैसला नहीं लिया तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे और कांग्रेस उनके साथ खड़ी रहेगी।

# हाईकोर्ट ने पूर्व जपं उपाध्यक्ष की अपील पर जारी किया नोटिस, 8 अप्रैल को उपस्थित होने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मार्च। उच्च न्यायालय जबलपुर की डबल बेंच ने पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा की अपील याचिका को स्वीकार करते हुये 5 प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में सभी को 8 अप्रैल 2026 को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।**

बताते चलें कि जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा के निर्वाचन को उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में सुनवाई के पश्चात शून्य घोषित कर दिया गया था। यह निर्णय चुनाव मैदान में उतरे दूसरे नम्बर के उम्मीदवार राकेश पाण्डेय की याचिका पर दिया गया था। जिसके विरूद्ध पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा ने उच्च न्यायालय की डबल बेंच में अपील याचिका क्रमांक डब्ल्यूए/742/2026 प्रस्तुत किया। याचिका के पक्षकार ऋषिराज मिश्रा विरूद्ध राकेश पाण्डेय की सुनवाई के पश्चात विद्वान न्यायाधीश ने चुनाव मैदान के अन्य 5 उम्मीदवारों धीरेन्द्र कुमार यादव पिता गया प्रसाद यादव निवासी बुढ़गौना, अनुराग तिवारी पिता काशी प्रसाद तिवारी निवासी पिपरांव, राममिलन कुशवाहा पिता बैजनाथ कुशवाहा निवासी मझिगवां, नीलेश तिवारी पिता शंकर प्रसाद तिवारी निवासी करियाझर एवं मोहम्मद सलीम पिता गुलाम गौस निवासी पिपरांव को नोटिस जारी कर 8 अप्रैल 2026 को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

# प्रशासनिक कार्य सुविधा के लिये अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मार्च। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा प्रशासनिक कार्यों में सुगमता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व कार्य विभाजन आदेशों में संशोधन करते हुए जिले में पदस्थ अधिकारियों के बीच नवीन कार्य विभाजन किया गया है जो आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा।**

जारी आदेशानुसार सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी को पंचायत एवं ग्रामीण विकास से संबंधित समस्त योजनाओं के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन एवं समन्वय का दायित्व सौंपा गया है। अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय को राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण, कानून व्यवस्था बनाए रखने, निर्वाचन कार्यों के संचालन, वित्तीय स्वीकृतियों एवं विभिन्न प्रशासनिक विभागों की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही वे अपर जिला दंडाधिकारी के रूप में भी दायित्व निभाएंगे। जारी आदेश के तहत संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला को उपखण्ड मजिस्ट्रेट सिहावल, संयुक्त कलेक्टर विकास आनंद को उपखण्ड मजिस्ट्रेट चुरहट एवं रामपुर नैकिन, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर राकेश शुक्ला को उपखण्ड मजिस्ट्रेट गोपदबनास, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर आर.पी. त्रिपाठी को उपखण्ड मजिस्ट्रेट मझौली तथा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर शैलेश द्विवेदी को उपखण्ड मजिस्ट्रेट कुसमी का दायित्व सौंपा गया है।

इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक को राहत, जन शिकायत, सीएम हेल्पलाइन एवं न्यायिक शाखा का प्रभार दिया गया है, जबकि डिप्टी कलेक्टर प्रियल सिंह को राजस्व, भू-अभिलेख, आपूर्ति एवं संबंधित शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मिनाक्षी जायसवाल को नजूल, जनसुनवाई एवं अभिलेखागार सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों का प्रभार दिया गया।



# कुसमी जनपद में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 31 मार्च। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के सुचारु रूप से संचालन एवं त्वरित गति लाने हेतु आज मंगलवार 31 मार्च को कुसमी जनपद के सभागार मे 11 बजे दिन सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा द्वारा समीक्षा बैठक ली गयी।**

बैठक में जिन एजेंडो मे समीक्षा के माध्यम से चर्चा की गयी उनमे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन योजना की समीक्षा, करारोपण एवं नल-जल योजना के संचालन की समीक्षा, कलेक्टर द्वारा वीसी में दिए गए निर्देशों पर बिंदुवार चर्चा की गयी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। उक्त बैठक मे सहायक यंत्री बी.पी.कोरी, उपयंत्री प्रदीप द्विवेदी, राकेश सिंह, अमर सिंह पीसीओ, सचिव रामसुशील पटेल, हर्षनारायण सिंह, रामभद्र शुक्ला, राजेश गुप्ता, बंशबहादुर सिंह, केपी सिंह, मोतीलाल गुप्ता, बी.के. शुक्ला, दीपक मिश्रा, शिवप्रसाद यादव, धनराज सिंह, केके द्विवेदी, रामजी गुप्ता, रोजगार सहायक मनोज यादव, शिवपूजन शुक्ला, शिवमूरत द्विवेदी, नागेन्द्र जायसवाल, दिलीप सोंधिया के अलावा बैठक में अन्य सचिव, रोजगार सहायक, पीसीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में मौके पर समाधान के साथ स्वास्थ्य परीक्षण भी

## जनसुनवाई को अधिक प्रभावी बनाने की पहल, कलेक्टर ने सुनी 276 लोगों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मार्च। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा जनसुनवाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुख बनाने की दिशा में नवाचारपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने स्वयं उपस्थित होकर 276 आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।**

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदनों को समयसीमा में निराकृत करने के लिए निर्देशित किया। नई व्यवस्था के तहत जनसुनवाई को सरल एवं सुलभ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। अब आवेदकों को आवेदन लिखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालेंटियर्स की सहायता ली जा रही है ताकि अशिक्षित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। प्राप्त सभी आवेदनों को तत्काल जन आकांक्षा



पोर्टल पर दर्ज कर प्रत्येक आवेदक को पावती प्रदान की जा रही है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और आवेदनों की स्थिति का ट्रैक रखा जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हितग्राही मूलक योजनाओं से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी आवेदन को अमान्य किया जाता है तो उसके कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए, ताकि आवेदकों को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने यह भी बताया कि भविष्य में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए छोटे-छोटे क्लस्टरों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को भी आसानी से लाभ मिल सके। इन शिविरों के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि लोगों को एक ही स्थान पर प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध हो सकें। जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय रही, जिसने उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। यह पहल आमजन के लिए अतिरिक्त सुविधा के रूप में सराही जा रही है। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूल चले हम अभियान के तहत 1 से 4 अप्रैल तक प्रवेशोत्सव का आयोजन

## जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा बच्चों का स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मार्च। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सीधी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ 1 अप्रैल 2026 से किया जा रहा है। सत्रारंभ के अवसर पर जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत 1 से 4 अप्रैल तक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।**

1 अप्रैल को विभिन्न विकासखंडों के चयनित विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होंगे। सीधी विकासखंड अंतर्गत सांदीपनी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक एवं अध्यक्ष जिला पंचायत सीधी श्रीमती मंजू सिंह, सिहावल विकासखंड अंतर्गत शाउमावि अमिलिया में विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विकासखंड कुसमी में शाउमावि जूरी तथा विकासखंड मझौली में शाउमावि डांगा में विधायक धौंहनी कुंवर सिंह टेकाम तथा रामपुर नैकिन में सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर नैकिन में अध्यक्ष नगर पंचायत रामपुर नैकिन राम कुमार साहू की विशेष उपस्थिति में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस दिन नवप्रवेशित बच्चों का हल्दी-चावल से टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा तथा उन्हें पाठ्यपुस्तकें, साइकिल आदि का वितरण किया जाएगा। साथ ही 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा और विद्यालयों में विशेष भोज का आयोजन भी किया जाएगा। 2 अप्रैल को पालकों की सहभागिता से सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा उन्हें शासकीय योजनाओं एवं विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही परीक्षा में कक्षोन्नति प्राप्त न करने वाले विद्यार्थियों को पुन: प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा ओपन एजुकेशन एवं आईटीआई जैसे वैकल्पिक अवसरों से अवगत कराया जाएगा। इस दिन शाला प्रबंधन समिति एवं शाला प्रबंधन विकास समिति की बैठकें आयोजित कर शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। 4 अप्रैल को 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, खिलाड़ियों, कलाकारों, साहित्यकारों, मीडिया कर्मियों एवं अधिकारियों को विद्यार्थियों से संवाद हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रेरक व्यक्तित्व विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करेंगे तथा स्वेच्छा से शाला उपयोगी सामग्री भी भेंट कर सकेंगे।

### पुस्तक व गणवेश उपलब्धता को लेकर बैठक कल

**सीधी 31 मार्च।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निजी विद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली पुस्तकों तथा निर्धारित गणवेश की उचित दर पर सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में सीईओ जिला पंचायत सीधी की अध्यक्षता में 2 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।


# पार्टी हमारी माॅ, इसलिए भव्यता और हर्षोल्लास के साथ मनाए स्थापना दिवस : रीती

## भाजपा जिला कार्यालय में स्थापना दिवस तैयारी बैठक का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मार्च। भारतीय जनता पार्टी केवल पार्टी नहीं हमारी मां है, इसलिए पार्टी का जन्म दिवस आगामी 6 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ आयोजित करें। पार्टी के कारण हमारी शान और सम्मान है, व्यक्तित्व और नाम की पहचान है।**

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 6 अप्रैल




को मनाए जा रहे स्थापना दिवस के कार्यक्रम की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और पूर्व जिला अध्यक्ष केके तिवारी की विशिष्ट उपस्थिति में कहीं। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म दिवस आनंद और उल्लास का दिन होता है। इसलिए पार्टी का स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को शानदार ढंग से आयोजित करें। भारतीय जनता पार्टी की सरकार कार्यकर्ताओं के दम और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से लगातार बना रही है। अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय प्रथम फिर पार्टी और उसके बाद कार्यकर्ता आता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन मंत्र है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्थापना दिवस 6 अप्रैल को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसमें साज-सज्जा, ध्वजारोहण, स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का सम्मान, बस्ती संपर्क, केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा, सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन सहित आदि प्रकार के अलग-अलग दिनों मे अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### प्रभावी और शानदार हो कार्यक्रम : केके

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रशिक्षण के संभागीय सह प्रभारी के .के .तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल पार्टी का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रदेश एवं केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित हो रहे हैं। सभी कार्यक्रम प्रभावी और ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी को पूर्ण मनोयोग से जुटना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री सूर्य प्रताप सिंह ने किया।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह, जिला उपाध्यक्ष उषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह चौहान, जिला महामंत्री चंद्रपाल सिंह उइके, जिला मंत्री गजराज सिंह चंदेल, उमाशंकर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, कपूर चंद साहू, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रमणि दुबे, नवनिर्वाचित अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, पुन्नू खान, सोशल मीडिया सह संभागीय प्रभारी जितेन्द्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, सूबेदास यादव, योगेंद्र सिंह, कृष्णा तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।